तापमान

अधिकतम 42.8 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




सिम्स हॉस्पिटल के प्रवेश द्वार के पास खड़ी एम्बुलेंस पर कार्रवाई करते ट्रैफिक पुलिस के जवान।

# 36 मॉल में फूड कोर्ट संचालन के नाम पर डेढ़ करोड़ का फर्जीवाड़ा
# 50 व्यापारियों से एक लाख लेकर ओडीसा की कंपनी फरार

### भुवनेश्वर की एक कंपनी ने यहां मॉल संचालक से संपर्क करते हुए ठेके में संचालन का समझौता किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

36 मॉल में फूड कोर्ट के संचालन के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए की गड़बड़ी सामने आई है। भुवनेश्वर की एक कंपनी ने यहां मॉल संचालक से संपर्क करते हुए ठेके में संचालन के लिए समझौता किया और स्थानीय व्यापारियों से नामी फूड ब्रांड्स के फर्जी एग्रीमेंट और कूटरचित दस्तावेज दिखाकर निजी कंपनी से मोटी रकम हड़प ली।

करीब 50 व्यापारियों से एक-एक लाख रुपए लेकर कंपनी फरार हो गई। यही नहीं फूड कोर्ट के नया बनाकर देने, नया काउंटर, नई कुर्सियां लगाने के नाम पर भी मॉल प्रबंधन से 50 लाख रुपए ले लिया तो करीब 50 लाख मेंटेनेंस में खर्च करा दिया। अब माल प्रबंधन ने मामले में सिविल लाइन पुलिस से शिकायत की है। खास बात है कि यही आरोपी गोरखपुर के वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फूडकोर्ट खोलने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर चुका है और फिलहाल जेल में है। 36 मॉल के मैनेजर आशीष चंदेल के मुताबिक झारखंड के परशूडीह टाटानगर निवासी विभांशु वैभव मिश्रा के करीब साल भर पहले बिलासपुर पहुंचा और मॉल प्रबंधन से संपर्क किया। उसने झारखंड और उड़ीसा में शापिंग काम्प्लेक्स के साथ ही वाटर पार्कों में फूड कोर्ट के संचालन की बात कही और पूरे सौदे, दस्तावेजों और भुगतान की प्रक्रिया के बारे में बताया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इसी तरह और किन-किन लोगों या कंपनियों को ठगी का शिकार बनाया है। बैंक लेन-देन, दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है।

अलग खबर




**नामी फूड ब्रांड्स के फर्जी एग्रीमेंट और कूटरचित दस्तावेज दिखाकर निजी कंपनी ने मोटी रकम हड़प ली**

### लेटर ऑफ इंटेंट और लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

माल प्रबंधन की ओर से शिकायत में कहा गया कि विभांशु वैभव मिश्रा ने अपनी कंपनी का नाम 21 फूड कोर्ट बताया और योजना के तहत यह भी बताया गया कि 36 मॉल के तीसरे माले में जहां गेम जोन है उसके बगल में 21 फूड काउंटर का संचालन करेगा। परिसर में अन्य मनोरंजन सुविधाओं के साथ एक आधुनिक फूडकोर्ट विकसित करने की बात कही गई। मॉल प्रबंधन वैभव मिश्रा की बातों में आ गया और फूडकोर्ट संचालन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट और फूडकोर्ट लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते में तय हुआ था कि आरोपी विभिन्न नामी फूड ब्रांड्स को लाकर फूडकोर्ट शुरू कराएगा।

### नामी ब्रांड्स के नाम पर पूरा फर्जीवाड़ा

समझौते के बाद मॉल प्रबंधन ने करीब एक करोड़ रुपए खर्च करते हुए फूड कोर्ट के नया बनाया, नया काउंटर लगाया गया तो नई कुर्सियां और सोफे लगाए गए। यही नहीं पूरे फूड कोर्ट को नए सिरे से संवारा गया। मॉल प्रबंधन की ओर से आरटीजीएस के माध्यम से 21 फूड कोर्ट कंपनी को 25 लाख रुपए की राशि भी दी गई। कंपनी की ओर से भरोसा दिलाया गया था कि तय समय सीमा के भीतर फूडकोर्ट का संचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं किया गया। आरोपी ने नजीर फूड्स, बास्किन-रॉबिन्स, हाउस ऑफ कैंडी, रोल्स सिंह, द बेल्जियन वफ़ल कंपनी, फ्लेवर्स ऑफ लखनऊ, चाय का, द वफ़ल कंपनी और एनएस फूड्स जैसे नामी ब्रांड्स के लेटर ऑफ इंटेंट और एग्रीमेंट दिखाए, जिससे माल प्रबंधन को भरोसा होता चला गया।

### संबंधित ब्रांड्स से कोई समझौता ही नहीं

यही नहीं उस कंपनी ने स्थानीय व्यापारियों से संपर्क करते हुए मॉल में फूड काउंटर खोलने के लिए फर्जीवाड़ा किया। करीब 50 व्यापारियों से एक-एक लाख रुपए ले लिए गए। जब काफी समय बाद भी ब्रांड्स नहीं आए और फूड कोर्ट नहीं खुला तो 36 मॉल प्रबंधन और व्यापारियों ने संबंधित बड़े ब्रांड्स से सीधे संपर्क किया, तो सच्चाई सामने आई। किसी भी ब्रांड का वैभव मिश्रा की कंपनी से कोई समझौता नहीं हुआ था। बड़े ब्रांड्स की ओर से यह भी साफ किया गया उनके हस्ताक्षर जाली दस्तावेजों में इस्तेमाल किए गए हैं। इधर मामला सामने आने के बाद भी विभांशु मिश्रा द्वारा काम शुरू करने का भरोसा दिया जाता रहा। कई बार नई तारीखें दी गईं, लेकिन न तो फूडकोर्ट का काम शुरू हुआ और न ही किसी ब्रांड की मौजूदगी दिखी। बाद में विभांशु मिश्रा मोबाइल फोन बंद फरार हो गया।

## शहर की सड़कों पर दिख रहा हीट वेव का असर




# पारा 43 तक पहुंचा, स्कूलों में 20 से छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर सहित प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने स्कूलों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की तारीख में बदलाव किया है।

अब प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त और अशासकीय स्कूलों में 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवकाश रहेगा। इससे पहले 1 मई 2026 से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन वर्तमान में पड़ रही तेज गर्मी और लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश केवल छात्रों के लिए लागू होगा। शिक्षकों के लिए अवकाश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही, पूर्व में जारी आदेश की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। समय से पहले ही सूरज के प्रतिदिन बढ़ते कहर से लोग परेशान होने लगे हैं। अप्रैल माह में ही इतनी गर्मी पड़ रही है कि लोग जून की गर्मी को लेकर आशंकित हो रहे हैं। इधर बिलासपुर में गुरुवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया और लोग सुबह से हलाकान होते रहे। तापमान बढ़ने के कारण सबसे अधिक स्कूली बच्चे और महिलाएं परेशान हैं।

- सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से 15 जून तक अवकाश रहेगा



### हीटवेव से बचाव और सावधानी

- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें
- धूप में छाते और चश्मे का उपयोग करें
- अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें
- धूप से लौटने पर तुरंत ठंडा पानी न पीए
- खानपान पर विशेष ध्यान रखा जाए
- ठंडी और गर्म वस्तुओं का सेवन करते समय अंतराल रखें
- स्कूल से घर आते ही पानी, नींबू पानी या ओआरएस घोल पिलाएं



### लू के थपेड़ों से शाम भी गर्म

#### भीषण गर्मी से बच्चे बेहाल

गुरुवार को जब स्कूल की छुट्टी हुई तो बच्चों के चेहरों से साफ झलक रहा था कि वे भीषण गर्मी से बेहाल हैं। तपती दोपहर में बच्चों का स्कूल से घर लौटना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। कोई अपने हाथ में छाता लेकर धूप से बचने की कोशिश कर रहा था तो कोई अपने स्कूल बैग को ही सिर पर रखकर तेज धूप से बचाव कर रहा था। कुछ छोटे बच्चे तो बार-बार रुकते, छांव की तलाश करते और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ते नजर आए। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार को अन्य दिनों की तुलना में गर्मी कुछ अधिक थी। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच बच्चों का पैदल चलना वाकई एक कठिन चुनौती जैसा था। बच्चों के अभिभावकों ने भी चिंता जाहिर की थी कि और कहा कि गर्मी के इस मौसम में स्कूल के समय में बदलाव होना चाहिए, ताकि बच्चों को राहत मिल सके।

#### बच्चों का रखें ध्यान

गर्मी से बचाव जरूरी है। पानी का अधिक से अधिक सेवन करें। बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए। बाहर से तुरन्त आते ही ठंडा पानी न पीएं और एयरकंडीशन में बैठने के बाद तुरंत बाहर न निकले।

- डा.नितिन योगी चिकित्सक

## गर्मी का टार्चर, धूप में निकलना मुश्किल, हीट वेब का खतरा

अप्रैल का आधा महीना गुरज चुका है और आसमान से आग बरसने लगी है। गर्मी का टार्चर शुरू होते ही लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार गुरूवार को तापमान 43 के करीब जा पहुंचा है। इस दौरान सड़कें विरान हो रही है और लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। गर्मी अपने सितम ढा रही है, पारा 42.8 डिग्री दर्ज किया गया, हालत यह है कि शाम 7 बजे भी लू के थपड़े सहने को मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह 9 बजे से ही सूरज की किरणें भू मंडल को तपा रही है, जिसके चलते लोगों को घरों से बाहर निकलने से पहले सोचना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही मौसम को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था, जिसमें कहा गया है कि अगले 4 दिनों तक आसमान से आग बरसेगी। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशान सड़क के किनारों पर व्यवसाय करने वाले ठेले और गुमटी वाले हो रहे है, भरी गर्मी में लू के थपेड़े सहते हुए व्यवसाय करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

#### 44 पार जा सकता है पारा

मौसम जानकारों के अनुसार अगले 4 दिनों के भीतर तापमान में 1 से2 डिग्री की बढ़त देखी जा सकती है। गुरूवार को अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रही। दिन के साथ ही रात में भी लोगों को गर्मी से चैन नहीं मिल रहा है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच सीधे धूप में निकलने को लेकर चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों को खान-पान में परहेज करने की सलाह दी है।

### दोपहर 12 से 4 बजे बंद रहेंगे ट्रैफिक सिग्नल

महिलाओं, बच्चों, विरष्ठजनों, दिव्यांगो, बीमार एवं आमजनों को गर्मी से राहत देने दोपहर 12 बजे से 4 बजे ट्रैफिक सिग्नल बंद रहेगा। एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर यह आदेश जारी किया गया है। पुलिस के मुताबिक वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के दौरान अत्यंत भीषण गर्मी एवं तापमान में वृद्धि को देखते हुए महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठजनों, दिवयांगों, बीमार एवं अस्वस्थय सहित आमजनों को आवागमन के दौरान सिग्नल में रूकने से तेज धूप का सामना करना पड़ता है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अप्रैल से दोपहर 12 से लेकर शाम 4 बजे तक सभी चौक चौराहोंके सिग्नल को अस्थाई रूप से बंदी की जाएगी। ताकि आम नागरिकों को अपने गंतव्य तक जाते समय मार्ग में पड़ने वाले चौक चौराहो में लगे हुए सिग्नलके पास रूकना ना पड़े और इस भीषण गर्मी में तेज धूप एवं लू का सामना न करना पड़े।

## युवतियों से तबादला करवा देने की धमकी देकर आनलाइन ठगी

**बिलासपुर**। नर्सिंग सुप्रिटेंडेट सहित चार महिलाओं को नागपुर तबादला कराने की धमकी देकर आनलाइन के माध्यम से पैसा ट्रांसफर कराकर ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, हेमूनगर विधानी चौक निवासी लक्ष्मी साहू पिता जानकी साहू 26 साल सेंट्रल अस्पताल में नर्सिंग सुप्रिटेंडेट के पद पर कार्यरत है। उनकी उक्त पद पर नियुक्ति होने के उपरांत अज्ञात मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन कर कहा गया पैसा नहीं दिया तो उनकी छत्तीसगढ़ से बाहर नागपुर में पदस्थापना कर दी जाएगी। जिससे उन्होंने डर के मारे फोन पे के माध्यम से 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। इसी तरह धमकी देकर कामनी से 25 हजार, मृदुला से 50 हजार, प्रीति से 20 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी कर लिया गया है। पुलिस ने लक्ष्मी साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## 18 को प्रदेश के प्राइवेट स्कूल रहेंगे बंद

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ में निजी स्कूलों का असहयोग आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 17 और 18 अप्रैल को बड़े फैसले लिए हैं। एसोसिएशन के मुताबिक, 1 मार्च से शुरू हुए असहयोग आंदोलन के तहत पहले ही निर्णय लिया गया था कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लॉटरी के माध्यम से वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही तय किया गया है कि अब 14 अप्रैल को हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में दो अहम निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत 17 अप्रैल (शुक्रवार) को सभी स्कूल संचालक और शिक्षक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। वहीं 18 अप्रैल (शनिवार) को प्रदेश के सभी निजी स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे।

- आज काली पट्टी बांधकर करेंगे काम
- आरटीई प्रतिपूर्ति नहीं बढ़ने को लेकर है विरोध

**प्रति छात्र होने वाले खर्च को सार्वजनिक करे-** निजी स्कूल संघ ने साथ ही मांग की है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस साल शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले खर्च को सार्वजनिक करे, ताकि आरटीई के तहत निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का सही निर्धारण हो सके।

**2 हजार 136 क्विंटल धान की गड़बड़ी, समितियों में नहीं थम रहा फर्जीवाड़े का खेल**

# गतौरा-एरमसाही समिति में 21 सौ क्विंटल धान उठाव के लिए शेष लेकिन मौके पर एक बोरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विपणन विभाग के आंकड़ों के अनुसार धान खरीदी केंद्र गतौरा व एरमसहीं में 2 हजार 136 क्विंटल धान का उठाव किया जाना अभी शेष है, जबकि कहानी यह है कि मौके पर धान ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उठाव का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। जिले के 140 उपार्जन केंद्रों में से 138 में धान का उठाव किया जा चुका है। गतौरा व एरमसहीं ही दो ऐसी समितियां हैं, जो जिले में धान के उठाव का आंकड़ा शत प्रतिशत करने में बट्टा लगा रहीं हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली जिले की 140 समितियों में धान का उठाव अब समाप्त हो चुका है। विपणन विभाग के अनुसार दो उपार्जन केंद्रों में अब भी उठाव के लिए धान शेष हैं। इसके अंतर्गत गतौरा उपार्जन केंद्र में 1 हजार 150 क्विंटल तो एरमसहीं उपार्जन केंद्र में 986 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। पूरे जिले में उठाव हो जाने, लेकिन दो उपार्जन केंद्रों में अब तक उठाव शेष होने के संबंध में विपणन विभाग का कहना है कि मौके पर धान है ही नहीं तो उठाव किस चीज का किया जाए। यहां पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा धान खरीदी के दौरान की गई गड़बड़ी का ही परिणाम है कि विभाग के रिकार्ड में तो केंद्र में उठाव की मात्रा शेष है, लेकिन मौके पर धान है ही नहीं। यही कारण है कि शासन को भेजी गई जानकारी में दो उपार्जन केंद्रों में उठाव शेष दिखाई पड़ रहा है।



### करोड़ों रुपए का धान भी शार्टेज

धान खरीदी के दौरान फर्जीवाड़े का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिले के चार संग्रहण केंद्रों में करोड़ों रूपए के धान शार्टेज का मामला न तो अभी ठंडा हुआ है और न ही इसमें संलिप्त कर्मचारियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई ही की जा सकी है। इसके पहले ही हाल ही में की गई धान खरीदी में से संबंधित समितियों के कर्मचारियों द्वारा गड़बड़ी को अंजाम दे दिया गया।

### धान का उठाव नहीं

गतौरा एवं एरमसहीं को छोड़कर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव किया जा चुका है। गतौरा एवं एरमसहीं में मौके पर भौतिक रूप से धान उपलब्ध ही नहीं होने के कारण उठाव नहीं किया जा सका है।

-उपेंद्र कुमार, डीएमओ

## उमरिया से आगे कल नहीं जाएगी कटनी पैसेंजर

**बिलासपुर**। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के कटनी ए केबिन में संरक्षा संबंधी कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रेलवे के अनुसार जबलपुर रेल मंडल के कटनी ए केबिन में ब्लॉक लेकर संरक्षा संबंधित कार्य 18 अप्रैल को किया जाएगा। इसकी वजह से 18 अप्रैल को बिलासपुर से चलने वाली 68747 बिलासपुर-कटनी मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन में समाप्त होगा और उमरिया से कटनी स्टेशन के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह कटनी से चलने वाली 68748 कटनी-बिलासपुर मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन से प्रारंभ होकर कटनी से उमरिया स्टेशन के बीच रद्द की जाएगी। इसके अलावा 18 अप्रैल को चिरमिरी से चलने वाली 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन में समाप्त करने के बाद झलवारा से कटनी सेक्शन के बीच रद्द रहेगी। कटनी से चलने वाली 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन से शुरु कर कटनी और झलवारा के बीच रद्द की जाएगी। इसी तरह पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर मंडल के बलांगीर से संबलपुर सेक्शन में गर्डर लाचिंग व डी लांचिंग कार्य के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर से टिटलागढ़ और टिटलागढ़ से बिलासपुर पैसेंजर के पहिए 17, 18, 27, 28 अप्रैल को थमे रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### सीजे (सीनियर डिवीजन) के 52 पदों पर होगी भर्ती



**बिलासपुर**। हाईकोर्ट प्रशासन ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के कुल 52 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। ये पद पदोन्नति और परीक्षा से भरे जाएंगे। रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव के आदेश से जारी अधिसूचना के अनुसार इन रिक्तियों को दो अलग-अलग श्रेणियों के माध्यम से भरा जाएगा। 47 पदों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देकर भरा जाएगा। बाकी 5 पदों के लिए विभागीय स्तर पर सीमित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी हाई कोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है।

### पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की आखिरी तिथि घोषित

**बिलासपुर**। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव, स्वीकृति और लॉक करने की अंतिम तिथियां जारी कर दी गई हैं। जिले के सभी शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आईटीआई संस्थानों के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों और छात्रवृत्ति प्रभारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। छात्रवृत्ति की पूरी प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही है। पात्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से तय समय-सीमा में पंजीयन कर आवश्यक जानकारी और दस्तावेज अपलोड करने को कहा गया है। जिससे समय पर स्वीकृति और भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जारी निर्देशों के अनुसार संस्थाओं में लंबित प्रस्तावों को लॉक कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को भेजने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। वहीं शासकीय संस्थाओं और जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल और भुगतान के लिए राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2026 तय की गई है।

### एयू ने जारी किए पीजी के 4 रिजल्ट

**बिलासपुर**। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी की पीजी की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। इधर यूनिवर्सिटी रिजल्ट जारी करने का कार्य शुरू कर दी है। यूनिवर्सिटी ने एमए साइकोलॉजी प्रथम, फाइनल और एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम व फाइनल का रिजल्ट जारी कर दी है। एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम का रिजल्ट 73.91 प्रतिशत और फाइनल का 91.67 प्रतिशत है। वहीं एमए साइकोलॉजी के प्रथम का रिजल्ट 86.67 प्रतिशत और फाइनल का रिजल्ट 100 प्रतिशत है। इधर यूनिवर्सिटी बीएड का परीक्षा शुरू कर दी है। 20 कॉलेजों में से 15 कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बीएड प्रथम वर्ष में 2 हजार 4 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। वहीं बीएड फाइनल में 1 हजार 934 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर ने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए 2 उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। वहीं पीजी के और रिजल्ट जारी होने की प्रक्रिया में हैं।

### व्यवहार न्यायाधीश के रिक्त पदों के लिए अधिसूचना जारी

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) के पदों पर पदोन्नति एवं भर्ती के लिए क्रमशः 47 एवं 5 रिक्त पदों से संबंधित अधिसूचना जारी की जा चुकी है, उक्त अधिसूचना छत्तीसगढ़ न्यायालय के वेबसाइट highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।


विद्या
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS



कार्यक्रम

## शहर की छात्रा मानसी ने “बजट क्वेस्ट” में निभाई विदेश मंत्री की भूमिका





**बिलासपुर।** बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र की छात्रा मानसी चंद्राकर ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित “बजट क्वेस्ट” प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत सरकार के “माय भारत युवा विकास कार्यक्रम” के अंतर्गत ट्रिपल आईटी रायपुर में आयोजित की गई। “बजट क्वेस्ट” में सहभागिता मानसी के लिए नेतृत्व और अनुभवात्मक अधिगम की एक महत्वपूर्ण यात्रा सिद्ध हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा के प्रेरणादायक एवं प्रभावशाली उद्बोधन से हुआ, जिसने प्रतिभागियों के भीतर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण “नारी शक्ति” विषय पर आधारित महिला युवा संसद रहा, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस सत्र में मानसी चंद्राकर ने विदेश मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण, तार्किक विचार और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता और संसदीय समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न पैनल चर्चाओं में संचार, उद्यमिता एवं कृषि जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय विकास के विविध आयामों की गहन समझ प्रदान की। मानसी ने इन चर्चाओं में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने ज्ञान एवं दृष्टिकोण को और सशक्त किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को संवाद कौशल, निर्णय क्षमता, टीमवर्क एवं नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर कु. मानसी चंद्राकर को मॉक पार्लियामेंट में उनकी उत्कृष्ट भूमिका एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# आसमान से बरस रही आग, झुलस रहा शहर

### तेज धूप व गर्म हवाओं से जनजीवन हो रहा प्रभावित

### डाक्टर अग्रवाल ने हीट स्ट्रोक से बचने के बताए उपाय

**बिलासपुर।** माह अप्रैल में भगवान सूर्य ने प्रचंड रूप लेकर आग उगलना शुरू कर दिया है। जिससे तापमान में निरंतर वृद्धि होने लगी है। अभी शहर का तापमान 43 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया जा चुका है और आगे 44 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। आने वाले दिनों में इसके 45 डिग्री से ऊपर जाने की पूरी संभावना है। तेज धूप व गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

यह मौसम लोगों के स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। इस विषय में हरिभूमि लाइव की टीम ने अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ दंपती डॉ अशोक के. अग्रवाल एवं डॉ शिखा अग्रवाल से बातचीत की। डॉ अशोक के. अग्रवाल ने इस भीषण गर्मी का मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी देते हुए बताया कि मानव शरीर पर तापमान का प्रभाव कई तरह से होता है। पसीने से पानी और नमक की कमी होने लगती है। मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन, कमजोरी, चक्कर, उल्टी, ज्यादा पसीना आने की शिकायत होने लगती है। शरीर का तापमान 40सी या उससे अधिक होने पर बेहोशी आ सकती है। हीट स्ट्रोक का जोखिम बढ़ता है। यह जानलेवा साबित हो सकता है। इस स्थिति से सबसे अधिक जोखिम वाले लोग जैसे छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, बाहर काम करने वाले मजदूर, किसान, दिल, किडनी, डायबिटीज से पीड़ित व मोटापे से ग्रस्त लोग बचने का प्रयास करें।





### ये है बचाव के उपाय

डॉ शिखा अग्रवाल ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचने रोजमर्रा की सावधानियां अत्यंत जरूरी है। इसके लिए प्यास न लगे तब भी खूब पानी पिएं। ओआरएस या नमक, शक्कर का घोल लें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। टोपी, गमछा से सिर ढ़ककर बाहर जाएं। दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप से बचें। ठंडी जगह पर रहें। पानी वाले फल तरबूज, खीरा खाएं। उपचार के तौर पर व्यक्ति को ठंडी जगह पर लिटाएं। पानी या ओआरएस दें। शरीर को गीले कपड़े, पंखा से ठंडा करें। गंभीर स्थिति होने पर पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाएं। ठंडे पानी से शरीर पोछें। बेहोश व्यक्ति को मुंह से कुछ न दें।

### ये हैं खतरे के संकेत





डॉ अग्रवाल ने बताया कि तेज बुखार, चक्कर, बेहोशी, उल्टी, पसीने के आना बंद हो जाना, तेज दिल की धड़कन यह सब खतरे का संकेत है। ये लक्षण दिखें तो तुरंत इलाज जरूरी है। उन्होंने बताया कि छात्रों, बुजुर्गों और यात्रियों के लिए गर्मी से बचाव की अलग-अलग उपाय है। छात्रों के लिए स्कूल स्तर पर सुबह की पाली में हीट सेफ्टी अवेयरनेस जरूरी है। दोपहर में आउटडोर एक्टीविटी कम कर दें। कक्षा में पंखे, पानी की व्यवस्था व ओआरएस उपलब्ध रखें। व्यक्तिगत स्तर पर पानी की बोतल हमेशा साथ रखें। खाली पेट बाहर न जाएं। सिर दर्द, चक्कर, उल्टी हो तो तुरंत टीचर को बताएं। बुजुर्ग दिन में ठंडी और हवादार जगह पर रहें। सुबह-शाम ही बाहर निकलें। कमरे में पर्दे लगाकर सीधी धूप रोकें। कम मात्रा में लेकिन बार-बार पानी पिएं। नींबू पानी, छाछ का उपयोग करें। शराब और ज्यादा चाय-कॉफी पीने व ज्यादा शारीरिक काम से बचें। हल्के कॉटन कपड़े पहनें। दिल, बीपी, डायबिटीज वाले बुजुर्ग अकेले बाहर न जाएं। यात्रा से पहले पानी की बोतल, ओआरएस साथ रखें। हल्का भोजन करें। भारी खाना खाने से बचें। मौसम देखकर यात्रा प्लान करें। यात्रा के दौरान बार-बार पानी पिएं। धूप वाली सीट से बचें। हर 1-2 घंटे में आराम करें। छांव में चलें। दोपहर में यात्रा न करें।

## एनएसएस के वालिंटियर दे रहे पक्षियों को दाना पानी



डीपी विप्र महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इस सराहनीय पहल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पात्रों में स्वच्छ जल एवं अनाज रखा गया, जिससे पक्षियों को गर्मी से राहत मिल सके। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं “जल बचाओ” के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं आमजन को संदेश दिया कि गर्मियों में जीव-जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना हम सभी की जिम्मेदारी है,राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कार्य से महाविद्यालय परिवार के चेयरमैन अनुराग शुक्ला, प्रिंसिपल डॉ अंजू शुक्ला,डॉ मनीष तिवारी,डॉ एम एस तंबोली,डॉ निधीश चौबे, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ किरण,डॉ यूपेश,हैलसीयन कांत,आकांक्षा गौतम ने इस काम के लिए सभी बच्चों को बधाई दी।



आयोजन

## बंगला नववर्ष के स्वागत में गीत-संगीत की प्रस्तुति, भोग का किया वितरण



**बिलासपुर।** विनोबा नगर पूजा समिति परिवार द्वारा बंगला नववर्ष के उपलक्ष्य में विनोबा नगर में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के वरिष्ठ गायक गोपाल सिकदार ने गायन पेश किया। समाज की महिलाओं व युवतियों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। सार्वजनिक भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

समिति के संरक्षक सुब्रत बेनर्जी ने बताया कि बंगाली कैलेंडर का पहला दिन आमतौर पर 14 या 15 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। 2026 में यह 15 अप्रैल को मनाया गया। दिन की इस नई शुरुआत पर बंगाली समाज के लोगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। पारंपरिक पोशाक पहन कर मिठाई सहित बंगाली व्यंजनों के लुत्फ उठाए जाते हैं। इसी क्रम में यह आयोजन गुरुवार को किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक रिंकू मित्रा ने बैसाख के बंगाली नववर्ष की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह त्योहार नई उम्मीदों और खुशियों का प्रतीक माना जाता है। बंगाली व्यापारियों के लिए यह दिन बेहद महत्वपूर्ण होता है।




### गाए गए गीत

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं, युवतियों ने रवींद्र गीत सहित अन्य गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। बच्चों ने पारंपरिक नृत्य पेश कर नए साल का स्वागत किया। वहीं नववर्ष के स्वागत में अपने घरों के बाहर और पूजा स्थल पर पारंपरिक रंगोली ‘अल्पना’ सजाई गई। मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विशेष पूजा की गई।

## सीवीआरयू के सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**डॉ सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अधिकतम शैक्षणिक एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने की दिशा में पहल**



**बिलासपुर।** डॉ सी.वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अधिकतम शैक्षणिक एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय विशेष रूप से आर्थिक रूप से पिछड़े एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को केंद्र में रखकर विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ राजीव नागार्च ने जानकारी दी। जिसमें प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरल एवं सहज भाषा में छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, पात्रता मानदंड, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं समय-सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न कंपनियों के सीएसआर के माध्यम से मिलने वाली छात्रवृत्तियों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। जिससे उन्हें पूरी प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझ में आ सके। कार्यक्रम में बताया गया कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को भी छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### शैक्षणिक भविष्य को आगे बढ़ाना उद्देश्यः कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय काउद्देश्य हर विद्यार्थी तक अवसर पहुंचाना है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाना विश्वविद्यालय की प्रमुख प्रतिबद्धता है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए न केवल जानकारीपूर्ण रही, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने शैक्षणिक भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने वाली भी साबित हुई। इस अवसर पर मुख्यालय राजीव नागार्च ने जानकारी दी। डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय में महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन के नाम पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को रमन छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। इसका लाभ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मिल रहा है।

## मां शारदा चेरिटेबल डिस्पेंसरी का सीएमडी ने किया उद्घाटन



**बिलासपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत “मां शारदा चैरिटेबल डिस्पेंसरी” का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एसईसीएल की सीएसआर पहले केवल विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता क्षेत्र बताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहले स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ समुदाय के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाती हैं। एसईसीएल द्वारा 61.96 लाख की लागत से रामकृष्ण मिशन बिलासपुर द्वारा स्थापित यह डिस्पेंसरी विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है। यह आधुनिक डिस्पेंसरी दंत चिकित्सा, सामान्य स्वास्थ्य परामर्श एवं मेडिसिन, बाल रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग और फिजियोथेरेपी जैसी विशेषज्ञ सेवाओं से सुसज्जित है। साथ ही यहां बुनियादी जांच एवं उपचार सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्धारित ओपीडी के माध्यम से योग्य चिकित्सकों द्वारा नियमित सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को विश्वसनीय और निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। यह पहल बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। एसइसीएल की यह पहल न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सराहनीय योगदान है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

जागरूकता

## स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा वाटर कूलर एवं सेनेटरी पैड का वितरण



**बिलासपुर।** सकरी शासकीय हाई स्कूल में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए समाजसेवियों ने आमजन की राहत के लिए सराहनीय पहल की है। बच्चों की सुविधा हेतु स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया, ताकि बच्चों को ठंडे पानी के लिए भटकना न पड़े। वहीं, फाउंडेशन द्वारा सकरी हाईस्कूल में जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए वाटर कूलर लगवाया।

इस अवसर पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा के द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया,चंचल सलूजा ने बताया स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए बालिकाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल सेनेटरी पैड वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी सही जानकारी देना, स्वच्छता के महत्व को समझाना और उनके मन से झिझक एवं डर को दूर करना है। “स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की नींव है”स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, सचिव नवीन चंद्र दुबे, सदस्य विजयलक्ष्मी चौहान जी, शाला समिति अध्यक्ष नीरू बिष्ट, स्कूल रज़िया परवीन प्राचार्य,स्कूल स्टाफ की मैडम सहित स्कूल बालिकाएं लोग मौजूद रहे।

**मौसम के अनुरूप घर को ग्रीन और कूल वातावरण देने में जुटे लोग, नर्सरी से खरीद रहे पौधे**

# गर्मी में सुकून पाने इंडोर प्लांट से सजा रहे बालकनी गार्डन, दीवारों और खिड़कियों पर भी डेकोरेशन

कॉर्नर न्यूज

**बिलासपुर।** बढती गर्मी के साथ ही लोग घरों को ग्रीन और कूल बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए घरों के बालकनी गार्डन को मौसम के अनुरूप कम से कम पानी लेने वाले पौधों से डेकोरेट कर रहे हैं, ताकि गर्मी के दिनों में पानी बचाने की जिम्मेदारी के साथ ही घर में ठंडक का एहसास और हरा-भरा नजारा लिया जा सके। विजयापुरम कॉलोनी निवासी सुनीता साहू, हेमा गुप्ता ने बताया कि टैरेस व हाउस गार्डन में बरसात तथा ठंड के मौसम में कई वैरायटीज की पौधे तैयार किए हैं। इस काम में विशेषकर महिलाएं पूरे मन के साथ बालकनी गार्डन को सजाने में अभी से लग गई हैं। वे बालकनी गार्डन के लिए बरसात में तैयार किए गए गार्डन से उन पौधों को सलेक्ट कर डेकोरेट कर रही हैं, जिसे कम से कम पानी की जरूरत होती है। वहीं बागवानी विशेषज्ञ अर्जुन नामदेव का कहना है, शहरों में जगह की कमी के कारण बड़ा गार्डन बनाना हर किसी के लिए पॉसिबल नहीं होता। ऐसे में घर में छोटी-सी बालकनी भी है तो वहां एक खूबसूरत स्मॉल गार्डन तैयार कर सकते हैं। इससे न केवल घर का माहौल फ्रेश और पॉजिटिव रहता है, बल्कि मेंटल पीस और हेल्दी लाइफस्टाइल को भी बढ़ावा मिलता है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए बहुत ज्यादा समय या मेहनत की जरूरत नहीं, बस सही लो-मेंटेनेंस प्लांट्स चुनने होते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाएं बालकनी में छोटा गार्डन और कौन-से पौधे इसके लिए बेहतर हैं।

### एयर क्वालिटी सुधारने स्नेक प्लांट परफेक्ट

स्नेक प्लांट उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो गार्डनिंग में नए हैं। यह पौधा कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है और कम रोशनी में भी बढ़ सकता है। इसकी लंबी हरी पत्तियां बालकनी को मॉडर्न और क्लीन लुक देती हैं। खास बात यह है कि यह एयर क्वालिटी सुधारने में भी मदद करता है, इसलिए इसे घर के आसपास रखना फायदेमंद माना जाता है।





### दीवारों को खूबसूरत लुक देने मनी प्लांट से सजावट

अगर सजावटी और तेजी से बढ़ने वाला पौधा चाहते है तो मनी प्लांट जरूर लगाएं। इसे गमले. पानी की बोतल या हैंगिंग बास्केट में आसानी से उगाया जा सकता है। यह ज्यादा देखभाल नहीं मांगता और नियमित हल्की पानी देने से ही हरा-भरा रहता है।

### सूती या लिनन के पर्दे और जूट कालीन भी लगा रहे

इंडोर पौधों के अलावा गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए हल्के रंग के सूती या लिनन के हवादार पढ़ें और जूट के कालीन भी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं खिड़कियों पर खस के पढ़ें या बांस के शेड भी लगा रहे हैं, ताकि सीधे धूप की तपिश को घर के अंदर आने से रोका जा सके।



### डेकोरेटिव पॉट्स में लगाए सक्यूलेंट्स प्लांट्स

नर्सरी संचालक अर्जुन साहू ने बताया कि गर्मी में इंडोर प्लांट्स की मांग सबसे अधिक हो रही है। लोग बालकनी, रूम व ऑफिस-दुकानों में बहुत कम जगह में बीन व फ्रेशनेस के लिए इंडोर प्लांट डेकोरेट करने खरीद रहे हैं। इन प्लांट्स में सक्यूलेट प्लांट्स सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये छोटे साइज के होते हैं और कम पानी में लंबे समय तक टिके रहते हैं।

# अटल विवि के परीक्षा नियंत्रक का घेराव


परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते छात्र प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के खिलाफ गुरुवार को छात्र संगठनों ने मोर्चा खोल दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी को लेकर परीक्षा नियंत्रक को घेरा गया। वहीं एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल अनियमितताओं को लेकर कुलपति से मिला। दूसरी तरफ यूटीडी के छात्रों ने यूनिवर्सिटी में गंगाजल छिड़ककर अनोखा प्रदर्शन किया। इस तरह तीन छात्र संगठनों ने आज यूनिवर्सिटी पर हमला बोला।

अटल यूनिवर्सिटी में आज पूरा दिन छात्र संगठनों के प्रदर्शन का रहा। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी व विलंब तथा आनलाइन फीस जमा करने में आ रही समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर का घेराव किया। छात्रों ने तीन सूत्रीय मांगों को सात दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर मंत्री अतिन्द्रधर दीवान ने परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घोषित परिणामों में अनेक छात्रों के अंकों में त्रुटियां सामने आई है जिससे सैकड़ों विद्यार्थी असंतुष्ट हैं। उन्होंने मांग की कि इन त्रुटियों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा लंबित विषयों के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएं। यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष सुधांशु यादव ने कहा कि परिणामों में गड़बड़ी, अनावश्यक विलंब तथा यूनिवर्सिटी पोर्टल पर आनलाइन फीस जमा करने में आ रही समस्याएं विद्यार्थियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने इन सभी समस्याओं का सात दिनों के भीतर समाधान करने की मांग की है। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिंद्रधर दीवान, प्रणव गौतम, रिशु साहू, अजय दुबे, साक्षी श्रीवास्तव, तुषार साहू, सुधांशु यादव, नैतिक नामदेव, देवेश शर्मा, दिव्यांशु तेजस्वी, राहुल, मीनाक्षी, श्रेया, कबीर, अजय आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## गंगाजल छिड़कर कैंपस का किया शुद्धिकरण

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्रों ने आज अनोखा प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी कैंपस में गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया। एक दिन पहले ही यूनिवर्सिटी में पूर्व कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी को समारोहपूर्वक बिदाई दी गई, उसके बाद छात्रों ने यह प्रदर्शन किया।

## कुलपति से शिकायत

एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल आज अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया से मिलकर विभिन्न कालेजों की अनियमितताओं, यूनिवर्सिटी में मूर्ति अनावरण एवं नियुक्तियों के संबंध में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। यूनिवर्सिटी परिसर में कई महिनों से वीरांगना रानी दुर्गावती एवं महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण नहीं किया गया है।

## महर्षि के विद्यार्थियों को मिले 90% से अधिक अंक






**बिलासपुर।** महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता हासिल की है। प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। शीर्ष स्थान पर 96.8% अंक प्राप्त कर छात्र ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं 95.6%, 94.4%, 94%, 93.8% जैसे उच्च अंकों के साथ अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईटी में 100% अंक प्राप्त कर अनुकल्प चौबे, यशिता शाह, राशि साहू एवं प्रदीप्ति शर्मा ने परचम लहराया। हिंदी में तनु त्रिपाठी ने 100% अंक और गणित में भी तनु त्रिपाठी ने 99% अंक प्राप्त किए। विज्ञान में यशिता शाह एवं देवेंद्र नवरंग ने 95% अंक प्राप्त किए, सामाजिक विज्ञान में यशिता शाह, राशि साहू एवं शाश्वत दुबे ने 97% अंक हासिल किए। अंग्रेजी में यशिता शाह ने 96% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## एलसीआईटी के राम युवराज जिले में अव्वल






**बिलासपुर।** एलसीआईटी पब्लिक स्कूल ग्राम बोदरी रायपुर रोड बिलासपुर के कक्षा 10वीं के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय के छात्र राम युवराज पांडेय ने 99.40% अंक प्राप्त कर शहर में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी छात्रों में आकृति अग्रवाल (98.20%), आराध्या दुबे (97.20%), आराध्या अग्रवाल (97.20%), आशिष नमन (96.80%), काव्यांश सोनगर्ग (96.40%), पन्ना सिंह (96.00%), अभाष कोटनाला (95.60%), अथर्वा आशीष पालसुले (95.60%) एवं श्रियांक चौबे (94.40%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन, सचिव उपकार राय, प्राचार्य सेबेस्टियन जोसेफ, हेड मिस्ट्रेस शालिनी देवरा एवं प्रशासनिक अधिकारी शिवानी जैन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिरला ओपन स्कूल में दसवीं का उत्कृष्ट परीक्षाफल






**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल मोपका के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की टॉपर आस्था 95.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नेत्रांशस सिंह पैकरा ने 93.8% प्राप्त कर द्वितीय स्थान जिज्ञासा चंद्रा 93.6% ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ओम साहू 91. 6% रोषिता मित्तल 90.4% अंश अग्रवाल 89.6% वैष्णवी स्वर्णकार 87.8% समीशान शास्त्री 87.8% ने प्रतिशत अंक हासिल किया। सभी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। विद्यालय के प्रेसिडेंट विनोद जैन, चेयरमेन विशाल कुमार जैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रेशु जैन, प्राचार्या सुतापा सरकार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री जैन ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों को शिक्षा प्रदान कर उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें तैयार किया जाता है।

## पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**बिलासपुर।** पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल के कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। निदेशक डॉ. विनोद तिवारी एवं निदेशिका डॉ. संजना तिवारी और प्राचार्या श्वेता सिंह ने बताया कि इसमें प्रथम शिवांगी सिंह - 92.2% द्वितीय मोक्ष कौशिक - 90.4% , तृतीय अनन्या शर्मा - 87.2% रही। 80% से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की 30% से अधिक विद्यार्थियों ने 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए ।

## एसईसीआर स्कूल के अपूर्व ने किया शानदान प्रदर्शन



**बिलासपुर।** एसईसीआर हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर-1 के छात्र अपूर्व सरकार ने कक्षा 10वीं की परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। अपूर्व सरकार ने अंग्रेजी में 97 अंक, हिंदी में 96 अंक, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 100-100 अंक प्राप्त किया। आईटी में भी उन्होंने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। उनके पिता बिनॉय सरकार और माता मधुमिता सरकार ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जताई और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी अपूर्व की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बताया है। अपूर्व शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्र रहा है।

## डीपीएस की छात्रा मिशिका ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा मिशिका शिवि गुप्ता ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। वह संदीप गुप्ता - शिखा गुप्ता की सुपुत्री हैं। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए मिशिका ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, स्वयं की निरंतर मेहनत, भगवान एवं बड़ों के आशीर्वाद को प्रमुख बताया। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के विश्वास और प्रोत्साहन को भी अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो यह दर्शाती है कि समर्पण, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मिशिका ने चाहती है कि पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बनें।

## प्रयास अकादमी मोपका का परिणाम 99 प्रतिशत रहा

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्रयास अकादमी, राजकिशोर नगर मोपका का परिणाम 99% रहा। इस संस्था के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरव बढ़ाया। प्रमुख विद्यार्थियों में अक्षिता शर्मा ने 90%, अक्षत सिंह ने 86%, ज्योति यादव ने 83%, निवेदिता केशरवानी एवं येशु कुमार यादव ने 80%, पूजा खुसवाहा ने 79%, आयुषी मिंज ने 78% अंक प्राप्त किए। वहीं हर्ष राठौर सहित कई विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर संस्था का नाम रोशन किया। संस्था के चेयरमैन डॉ. सचिन यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य डॉ. पद्माकर ने भी सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य की सराहना की। संस्था परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प लिया।

## लोयला स्कूल की समृद्धि को मिला 92.66 प्रतिशत



**बिलासपुर।** लोयला स्कूल की छात्रा समृद्धि चौबे को 10 वीं सीबीएससी परीक्षा में 92.66 प्रतिशत अंक मिला है। वे अश्वनी चौबे और सरिता चौबे की सुपुत्री हैं। वह शुरू से प्रतिभाशाली रही है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरूजनों को दिया है।

## डीपीएस की ऋषिता को मिले 91.4 %



दिल्ली पब्लिक की छात्रा ऋषिता कश्यप (पीहू) ने 91.4% प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। वे एडिशनल एसपी उमेश कश्यप व दीपमाला कश्यप की पुत्री है। इस मौके पर खुशी जाहिर की। स्कूल प्रबंधन द्वारा ऋषिका की सफलता को लेकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## संचिता ने 10वी में अर्जित किए सर्वाधिक अंक



**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में छात्रा संचिता मिश्रा ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। सेंट फ्रांसिस स्कूल की इस होनहार विद्यार्थी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए छात्रा ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने अपनी इस जीत का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता के निरंतर सहयोग को दिया ,और आगे चलकर एक सफल डॉक्टर बनने की बात कही। संचिता मुकेश मिश्रा व ललिता मिश्रा की पुत्री हैं। संस्था के प्राचार्य ने संचिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायी बताया है। शुरू से ही प्रतिभाशाली रही संचिता, आगे चलकर भी अधिक अंक प्राप्त कर अपना जीवन और भविष्य उज्ज्वल कर सकती हैं।

## रमन विवि ने शुभी को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा द्वारा डॉ. शुभी श्रीवास्तव को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध में मशीन लर्निंग आधारित उन्नत एल्गोरिदम विकसित किए गए हैं, जो डायबिटिक रेटिनोपैथी जैसी गंभीर नेत्र रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में सहायक हैं। यह शोध स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। यह शोध कार्य डॉ. शांति राठौर एवं डॉ. राहुल गेडाम के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

## फरार आरोपियों की सूचना दें, मिलेगा ईनाम

**बिलासपुर।** एसएसपी द्वारा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज अपराध प्रकरणों के फरार आरोपियों की सूचना देने वालों के लिए 5-5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। थाना सकरी में दर्ज अपराध प्रकरण के आरोपी प्रशांत तिवारी, उम्र 30 वर्ष, निवासी काठाकोनी एवं रोनक धुर्वे, उम्र 40 वर्ष, निवासी आसमा सिटी सकरी, थाना तोरवा में दर्ज अपराध प्रकरण के आरोपी मोनिस हटकेश्वर, वासू हटकेश्वर, हनी हटकेश्वर निवासी बापूनगर एवं पवन कुमार यादव, ग्राम डूउंगा, थाना पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा, हिम बहादूर सोनार, निवासी सिलीगुड़ी, थाना कोटा में दर्ज अपराध प्रकरण के आरोपी धार्मिक भाई सवन्नी, निवासी राधाकृष्णा अपार्टमेंट सीसीबी सूरत, जिला सूरत (गुजरात), संतोष कुमार पोर्ते निवासी जेमरा, थाना पाली, जिला कोरबा की सूचना देने पर इनाम की घोषणा की गई है।

## डॉ. धर्मेंद्र का जन्मदिन जनसेवा के संकल्प के साथ मना

### पॉलिटिक्स प्लस



बिलासपुर। बीजेपी नेता डॉ. धर्मेंद्र दास का जन्मदिन आज पूरे शहर में अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। उनके निवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, जो फूलों के हार और गुलदस्ते लेकर अपने चहेते नेता और चिकित्सक को बधाई देने पहुँचे थे। जन्मदिन की शुरुआत डॉ. दास ने सपरिवार बरमदेव मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ की। ईश्वर का आशीर्वाद लेने के उपरांत उनका काफिला सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुँचा। यहां डॉ. दास ने केक काटकर सभी का मुँह मीठा कराया और स्टाफ के समर्पण की सराहना की। कल्याण विद्याश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताया उन्हें जरूरी रोजमर्रा के सामानों का वितरण किया। सेवा भारती मातृ सेवा आश्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच खिलौनों का वितरण किया गया। देर रात तक उनके निवास और कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



## खबर संक्षेप

### क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरिया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने मोबाइल में क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली कि तिफरा बाजार चौक के पास दो युवक मोबाइल में आईपीएल मैच में किक्रेट सट्टा खिला रहे है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते यदुनंदननगर जुबैर रिजवी पिता कलीम रिजवी 32 साल, सन्नी सिंह पिता स्व. बजरंग सिंह ठाकुर 32 साल को पकड़ लिया। उनके बाद से 1690 रुपए नकद, दो मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### छेड़खानी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग से छेड़खानी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के पास 19 जनवरी 2026 को मस्तूरी धनगवा निवासी पीयूष टंडन पिता रामखिलावन टंडन 23 साल आया और उसे पकड़कर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने से घरवालों के आने पर युवक अपनी बुलेट छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 74 व 8, 12 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर बुलेट जब्त कर लिया था। 16 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली फरार युवक अपने घर आया हुआ है। एएसआई सुरेन्द्र तिवारी ने स्टाफ के साथ गांव में दबिश देकर फरार आरोपी पीयूष टंडन को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण किया। डबल लॉक और अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोषालय में डबल लॉक की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया और सभी संबंधित पंजियों एवं अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने ने स्टाम्प, टिकट, बिल पासिंग, पेंशन भुगतान और लेखा कार्यों की समीक्षा करते हुए वित्तीय अनुशासन, समयबद्धता और कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रासायनिक आपदा से बचाव के लिए मॉक ड्रिल 23 को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा रासायनिक आपदा से बचाव के लिए एनटीपीसी सीपत में 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से मॉक ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 27 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी अंतर्गत जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने मेहमान प्रवक्ता की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 27 अप्रैल शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत या स्पीड पोस्ट से जमा कर सकते हैं।

---

**मस्तूरी और कोटा ब्लॉक में बड़ा घोटाला** | **4 साल पहले एसईसीएल से मिली थी फोर्स की एम्बुलेंस**

# फर्जी लॉग बुक के आधार पर लाखों लीटर डीजल पी गई एम्बुलेंस

अलग खबर

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग में पिछले 4 सालों से डीजल और मेंटनेंस के नाम पर रुपयों की बंदरबांट सामने आ रही है। आम मरीजों को बेहतर सुविधा देने के के लिए 2022 में खरीदी गई 4 एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आय बन चुकी है। आरटीओ पंजीयन बिना ही बिल्हा, तखतपुर और मस्तूरी के खंड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा सड़कों पर एम्बुलेंस दौड़ती रही है और फर्जी लॉग बुक के सहारे डीजल और मेंटनेंस के लिए रूपए आहरण किया गया है। अब मामला सामने आ चुका है, लेकिन जांच लंबित है।

मस्तूरी और कोटा में गंभीर अनियमितताएं सामने आ चुकी है,खड़ी गाड़ियों में डीजल भरवाकर फर्जी बिल पास कराए गए है। रिकॉर्ड के अनुसार 26 महीनों में 3639 लीटर डीजल और 41 हजार किलोमीटर का लॉग बुक दिखाया गया है लेकिन जानकारी के अनुसार गाड़ियां संदिग्ध यात्राओं में शामिल थी। एंट्री बिना अनुमति और बिना प्रमाणन के दर्ज की गई हैं। मामले में फर्जी लॉगबुक, निजी




खातों से डीजल भरवाने के नाम पर रिम्बर्समेंट और लाखों रुपए के भुगतान की खबर है। हद तो यह हो गई है कि सर्विसिंग और पाट्‌र्स मेंटनेंस के लिए भी 3 लाख से अधिक के बिल और इंजन के महंगे पार्ट की कथित चोरी ने मामले सामने आए है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है लेकिन 7 दिन में जांच पूरी होने की मांग 9 माह बाद भी अधूरी है।

### दस्तावेजों से उजागर हुआ घोटाला

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज में घोटाला उजागर हो रहा है। बीएमओ कार्यालय को प्राप्त 4 फोर्स एम्बुलेंस के लॉगबुक में अप्रैल 2022 से मई 2024 तक कुल 26 माह में 3639 लीटर डीजल लिया गया है। 41851 किमी की दूरी की गई है, इसमें से 15812 किमी की यात्रा ऐसे कर्मचारियों ने किया है जिन्हें दौरा करने का हक नहीं है। लॉगबुक में प्रभारी अधिकारी ने प्रमाणित भी नहीं किया है। वाहन 15हजार किलो मीटर भी न चली, सर्विसिंग संबंधित एजेंसी में होना था लेकिन अधिकारियों ने इसे अवैध धंधा बना लिया है। निजी गैरेज से मेंटनेंस कराकर सर्विसिंग और पाट्‌र्स के नाम पर 3 लाख से अधिक की राशि का बिल बनाया गया।

### अधिकारी व बाबुओं की करतूत संदिग्ध

बिना रजिस्ट्रेशन व लॉग बुक के सड़कों पर दौड़ रही एम्बुलेंस को आय का साधन बनाया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला कार्यालय के वाहन शाखा प्रभारी और बाबू ने की संलिप्ता संदिग्ध है। मरीजों को एम्बुलेंस की सुविधा देने के बजाय उन कर्मचारियों के द्वारा एम्बुलेंस का उपयोग किया गया है जिन्हें शासकीय वाहन उपयोग करने का अधिकार नहीं है। हालत यह है कि एम्बुलेंस में बाबुओं के द्वारा दौरा किया गया है।

### लंबित है जांच

4 साल पहले गाड़ियां विभाग को मिली थी, उस समय किसी ने शिकायत नहीं की है। अधिकारी बदल गए है। स्वास्थ्य सुविधाओं में हमारा ध्यान है और हम इसे दुरूस्त कर रहे है। रही बात जांच की वह अभी लंबित है। जांच के बाद अधिकारियों को प्रतिवेदन दिया जाएगा।

**-डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

**शव को सड़ने से बचाने एवं मांस-मछली को ताजा बनाए रखने में काम आती है यह बर्फ**

# प्रतिबंध के बाद भी सफेद बर्फ की सप्लाई जारी, ठेलों व पेय पदार्थों में हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रतिबंधों के बाद भी सफेद बर्फ की सप्लाई शहर में जारी है। तोरवा की एक फैक्ट्री को सील जरूर किया गया है लेकिन इसके बाद भी गन्ना रस की दुकानों के साथ ही दूसरी जगहों पर इसे आसानी से देखा जा सकता है। गोकुलधाम में सत्यनारायण फैक्ट्री के साथ ही तिफरा में संचालित बर्फ फैक्ट्री में यह बरफ बन रहा है। दोनों जगहों के संचालक भी स्वीकार कर रहे हैं कि बर्फ खाने योग्य नहीं है और इसे कलर डालकर बाजार में बेचा जा रहा है। खास बात है कि इस बर्फ फैक्ट्री के पास लाइसेंस भी नहीं है। इन फैक्ट्री वालों का भी कहना है कि यहां से निकला बर्फ की खपत जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर हो रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इन पेयों के साथ बर्फ का सेवन कर रहे हैं, लेकिन यह खाने योग्य है या नहीं, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। जाहिर है इससे बीमारी फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

गोकुलधाम के पास आइस फैक्ट्री है। 2009 से यह संचालित है। इसे विवेक कश्यप चलाते हैं। फैक्ट्री के बाहर ही लिखा है कि यहां का बर्फ खाने लायक नहीं है। इसके बाद भी बाजार में इसकी सप्लाई जारी है। यहां के कर्मचारियों का दावा है कि बर्फ खाने के लिए नहीं बल्कि पानी ठंडा करने के लिए दिया जाता है। कोई बर्फ को खा मत ले इसलिए चेतावनी लिखी है। इसका जवाब लेकिन किसी के पास नहीं है कि यही बर्फ तो जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है तो उस पर रोक कैसे लगेगी।



गोकुल धाम स्थित सत्यनारायण बर्फ फैक्ट्री।

### शहर के किसी फैक्ट्री की बर्फ खाने योग्य नहीं

यहां के एक कर्मचारी ने बताया कि रोजाना 5 हजार किलो बर्फ की सप्लाई शहर में ही हो रही है। एक बर्फ की सिल्ली लगभग 140 किलो की होती है और इसकी कीमत 800 रुपए होती है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खाने और पेय पदार्थों में उपयोग की जाने वाली बर्फ पूरी तरह सफेद (पानी के रंग जैसी) होनी चाहिए। वहीं व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाई जाने वाली बर्फ में नीला रंग होना अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ता आसानी से पहचान सकें कि कौन-सी बर्फ खाने योग्य है। शहर में देखा जाए तो किसी भी बर्फ फैक्ट्री में ऐसा नहीं हो रहा है।

### मांस, मछली को सुरक्षित रखने वाले बर्फ का उपयोग

देखा जाए तो इस बर्फ के रूप में अनजान खतरा हमारे स्वास्थ्य पर अटैक कर रहा है, क्योंकि साल भर मांस, मछली को सुरक्षित रखने वाले बर्फ का ही इन पेय पदार्थों में इस्तेमाल हो रहा है। पेय पदार्थों के लिए अलग से बर्फ नहीं बनने पर इसमें स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। जानकार भी मानते हैं कि पेय पदार्थों में इस्तेमाल हो रही बर्फ खाने के लिए बनाई ही नहीं गई है। दरअसल इन पदार्थों को ठंडा करने में जिस बर्फ का इस्तेमाल हो रहा है, वह शव को सड़ने से बचाने एवं मांस-मछली को ताजा बनाए रखने में काम आने वाली है।

### बोर के पानी से बन रही है बर्फ

इस फैक्ट्री में बर्फ बनाने के लिए बोर के पानी का उपयोग किया जा रहा है। इसमें कितनी स्वच्छता बरती जा रही है, इसे देखने वाला स्वास्थ्य एवं औषधि प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है। गर्मी में बर्फ की खपत बढ़ जाने के बाद भी अब तक न तो जिला प्रशासन ने इसकी जांच के निर्देश दिए और न ही खाद्य एवं औषधि विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। गौरतलब है कि शहर में हर साल गर्मी के दौरान पीलिया, डायरिया और पेट से जुड़े अन्य संक्रमण के मामले बढ़ जाते हैं। इनमें से एक बड़ा कारण दूषित बर्फ भी है, जिसे शुद्धता का ध्यान रखे बिना ही बनाया जा रहा है। ठेले वाले भी बर्फ को गंदी बोरियों या लकड़ी की पेटी में रख रहे हैं, उसी को सीधे पेय पदार्थों में डाल दिए जा रहे हैं।

### सर्टिफाइड पानी का होता है उपयोग

नियमानुसार पीएचई से सर्टिफाइट पानी का ही उपयोग बर्फ बनाने के लिए किया जाना है। दूषित बर्फ के कई हानिकारक प्रभाव होते हैं, जिसमें डायरिया और पेट में संक्रमण प्रमुख है। स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने से हानिकारक बैक्टीरिया या वायरस स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकते हैं। यह दूषित बर्फ शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर सकती है, जिससे व्यक्ति विभिन्न बीमारियों का शिकार बन सकता है।

**- डा. मनोज दुबे,** वरिष्ठ चिकित्सक

### नीले रंग का उपयोग करने कहा गया

इस बर्फ फैक्ट्री की जांच की गई है। दस्तावेजो में भी लिखा है कि यह बर्फ सिर्फ चिलिंग के लिए है। खाने के लिए नहीं बनाने के लिए फैक्ट्री संचालक को कहा गया है। बर्फ में नीले रंग का उपयोग करने कहा गया है।

**- आरआर देवांगन,** अभिहित अधिकारी, फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट

---

# चोरी के जेवर खपाने का सुरक्षित अड्डा बने बैंक

### गोल्ड लोन के नियमों को कड़ा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सराफा एसोसिएशन ने हाल के दिनों में बढ़ रही चोरी और लूट के जेवरातों को बैंकों में गिरवी रखकर 'गोल्ड लोन' लेने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

पिछले दिनों सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक शातिर चोर और मणप्पुरम फाइनेंस के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चोरी के गहनों को मणिपुरम फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर लोन लिया था, वहीं मैनेजर ने चोरी का माल जानते हुए भी उसे गलाकर ठिकाने लगाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपियों के पास से 40 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से इस संबंध में कड़े नियम बनाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि अक्सर अपराधी चोरी का माल ठिकाने लगाने के लिए बैंकों का सहारा ले रहे हैं, क्योंकि वहां कागजी खानापूर्ति के बाद आसानी से नकदी मिल जाती हैं ,बैंक बिना उचित बिल या आभूषणों की शुद्धता और स्त्रोत की गहन जांच किए बिना लोन पास कर देते हैं, जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ रहा है। श्री सोनी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि यदि कोई व्यक्ति भारी मात्रा में पुराने जेवर लेकर बैंक आता है, तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और सराफा एसोसिएशन को दी जाए, इसके साथ ही गोल्ड लोन लेने आए हुए व्यक्ति के साथ परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।



- बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने जताई चिंता

### एक साझा नेटवर्क बनाया जाए: कमल



श्री सोनी के कहा कि हम व्यापारियों के रूप में हमेशा सतर्क रहते हैं और किसी भी संदिग्ध ग्राहक से माल नहीं खरीदते लेकिन बैंक केवल अपने टार्गेट पूरे करने के चक्कर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। चोरी का माल बैंक में रखना न केवल अनैतिक है बल्कि यह जांच एजेंसियों को भी गुमराह करता है। इसलिए गोल्ड लोन देते समय मूल खरीद बिल को अनिवार्य बनाया जाए, केवाईसी की प्रक्रिया जरूर पूरी हो, संदिग्ध लेनदेन वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड पुलिस के साथ साझा किया जाए इसके साथ ही बैंक, पुलिस और सराफा व्यापारी एक साझा नेटवर्क बनाएं ताकि चोरी के माल की पहचान तुरंत हो सके।

---

# खनिज माफिया के खिलाफ 3 विभागों की संयुक्त घेरेबंदी

**खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग ने मिलकर चलाया अभियान**

- 6 वाहन पकड़े गए
- लगातार हो रही धरपकड़, लेकिन नियंत्रण नही

**बिलासपुर।** खनिज विभाग की सघन कार्रवाई के बाद भी खनिज चोरी की घटनाएं जिले में कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं हैं। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिज की चोरी रोकने के लिए राजस्व विभाग, खनिज विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया था। इस दौरान खनिज चोरी में संलग्न छह वाहनों को जब्त किया गया है।

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध कार्रवाई करने के उद्देश्य से राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया था। इस दौरान दौरान तखतपुर, काठाकोनी, भरनी, चोरभट्ठी, गनियारी, नेवरा, टांडा, अमने, मंगला एवं धुरिपारा क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। नेवरा क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 1 चैन माउंटेन मशीन एवं 2 हाइवा वाहन जब्त किए गए हैं। इसी तरह तखतपुर क्षेत्र से मुरुम का परिवहन करते 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा मंगला-धुरीपारा क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई है। टीम के द्वारा जब्त कुल 6 वाहनों को थाना सकरी, कोटा एवं कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए चैन माउंटेन मशीन को यथास्थान पर सीलबंद किया गया है। खनिज विभाग के अनुसार खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



---

# सीपत थाने के घेराव के बाद जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** छेड़खानी का आरोप लगाकर युवक से मारपीट करने के मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने सीपत थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया है। उसके बाद मारपीट करने वालों के खिलाफ मारपीट व एट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, 15 अप्रैल को ग्राम हरदाडीह में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट लिखाई गांव में शिवपुराण सुनने गई उसके घर के 14 साल की बच्ची के साथ हरदाडीह निवासी धरमजीत नेताम ने छेड़खानी की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धरमजीत नेताम के खिलाफ छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 16 अप्रैल को धरमजीत नेताम के घरवाले व बड़ी संख्या में समाज के लोग पिकअप से सीपत थाना पहुंचे और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर दूसरे पक्ष पर जातिगत गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। घण्टों थाना के सामने धरने में बैठने के बाद पुलिस ने धरमजीत नेताम की रिपोर्ट लिखी। धरमजीत ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह गांव में शिवपुराण सुनने गया था और ईमली पेड़ के नीचे बैठा था। इसी दौरान रेवा शंकर साहू, प्रदीप राठौर आए और भांजी के साथ छेड़खानी करता है कहते हुए जातिगत गाली गलौज कर हाथ मुक्का, चप्पल से मारपीट किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 3, 5 व 3, 1 द ध एट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। उसके बाद भीड़ थाने से लौट गई।



- एट्रोसिटी एक्ट का मामला हुआ दर्ज

---

# 4.50 लाख की डुप्लीकेट गोल्ड फ्लैग सिगरेट जब्त, गोदाम संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** 4.50 लाख की डुप्लीकेट गोल्ड फ्लैग सिगरेट के साथ पकड़े गए गोदाम संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



दिल्ली के इंडियन टेबेको कारपोरेशन कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने उनके साथ महाराणाप्रताप चौक के आगे नगर निगम कालोनी में दबिश देकर गौरवपथ रोड निवासी रोशन चांदवानी पिता बलराम चांदवानी के गोदाम में दबिश दी। गोदाम में 4.50 लाख के 4 कार्टून में भरे सिगरेट के पैकेट मिले थे। कंपनी के सिरगेट पैकेट से उसका मिलान करने पर उक्त सिगरेट के पैकेट डूप्लीकेट पाए गए थे। पुलिस ने जांच के बाद 16 अप्रैल को धारा 318, 4, 349 व कापी राइट की धारा 63, 64 व ट्रेड मार्क की धारा 104 के तहत जुर्म दर्ज कर गोदाम संचालक रोशन चांदवानी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# थानेदार बदलते ही चकरभाठा में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर।** थानेदार बदलते ही चकरभाठा क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने एक युवती व दो युवक के घर में दबिश देकर 425 लीटर अवैध महुआ शराब, शराब बनाने का उपकरण, 2 चूल्हा, 2 गैस सिलेण्डर बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले दिनों एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के कुछ थानेदारों में फेरबदल किया गया था। कोनी टीआई भावेश शेंडे को चकरभाठा थाना प्रभारी बनाया गया है। चकरभाठा थाने का चार्ज लेने के बाद श्री शेंडे क्षेत्र में अवैध शराब बनाकर बेचने वालों की पतासाजी कर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। 16 अप्रैल को उन्होने स्टाप के साथ वर्मा मोहल्ला वार्ड नम्बर 9 में कुछ लोग अपने घर के पीछे में अवैध महुआ शराब बना रहे है। पुलिसकर्मियों ने रवि वर्मा पिता स्व. राजकुमार वर्मा24 साल, बंटी वर्मा पिता तीजराम वर्मा 24 साल, रानी वर्मा पिता स्व. दीपक वर्मा 34 साल के घर के दीवारों को कुदकर अंदर गए और प्लास्टिक के डिब्बों में महुआ शराब व उपकरण बरामद किया। पुलिस ने तीनों के घरों से 425 लीटर अवैध महुआ शराब, शराब बनाने का उपकरण, 2 चूल्हा, 2 गैस सिलेण्डर बरामद किया है। पुलिस ने 34, 2 आबकारी अधिनियम के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले सेवार निवासी सरिता वर्मा को पकड़कर उसके पास से 36 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कियागया था।

### देशी शराब सहित स्कूटी सवार महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** 50 नग देशी शराब बिक्री के लिए लेकर जा रही महिला को पुलिस ने पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली एक महिला स्कूटी में भारी मात्रा में देशी शराब लेकर बिक्री करने जा रही है। पुलिस ने सीएमडी चौक के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 4473 में सवार हिर्री माइंस इन्द्रपुरी निवासी पूनम सिंह परस्ते पति संजय सिंह परस्ते 36 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर थैले में 50 नग देशी शराब मिला। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### 10वीं में एकलव्य आदर्श विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम



**मुंगेली।** सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बंधवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के सभी 59 विद्यार्थियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा विद्यालय के अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। इस वर्ष का सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों में अनामिका 89.2 प्रतिशत, पूनम 88.8 प्रतिशत एवं ऋतुराज 86.4 शीर्ष पर रहीं।

### सेंट जेवियर्स के बच्चों का 10वीं सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन





**मुंगेली।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र–छात्रओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सबके लिए शिक्षा के आदर्श को सार्थक किया है। विद्यालय की छात्र अंजनी ठाकुर ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अमृतेश उपाध्याय ने 95.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा भार्गवी ठाकुर ने 95.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 10 मेधावी छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### सीबीएसई बोर्ड 10वीं में डीएवी कोतरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लोरमी।** सीबीएसई द्वारा 10वीं परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया, जिसमें डीएवी



पब्लिक स्कूल कोतरी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विद्यालय के सुशांत कुलमित्र कक्षा दसवीं में 84 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे। अपनी उपलब्धि का श्रेय इन्होंने माता-पिता की कड़ी मेहनत व गुरुजनों को दिया। दूसरे स्थान पर 81 प्रतिशत के साथ युवराज साहू, तीसरे स्थान पर 80 प्रतिशत के साथ अविनाश पांडेय एवं चौथे स्थान पर 78 प्रतिशत के साथ निष्ठा सिंह क्षत्रिय रहीं।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड में क्षेत्र के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मल्हार।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार नगर के प्रतिभावान बच्चों के लिए खुशियां



लेकर आया है। मल्हार के दो बच्चों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 90 से अधिक अंके प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सेंट फ्रांसिस स्कूल बिलासपुर में पढ़ने वाले अधिवक्ता रवि पांडेय के पुत्र अक्षत पांडेय ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर साबित किया कि, मन लगाकर पढ़ने से सपनों को साकार किया जा सकता है। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल परसदा की छात्रा रोशन पांडेय की पुत्री अनन्या पांडेय ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में अव्वल रहीं।

### भथरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 107 मरीजों की जांच



**मुंगेली।** ग्राम भथरी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला शाहा, डीपीएम गिरीश कुर्रे एवं बीएमओ डॉ कमलेश खैरवार के निर्देश तथा टीबी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे के मार्गदर्शन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी एवं कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की सक्रिय खोज जांच एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहा। डॉ मनीष बंजारा ने टीबी से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। शिविर में शामिल होकर 107 मरीजों जांच कराई। शिविर में मुख्य रूप से संभावित टीबी के मरीज 6 संभावित कुष्ठ 2 मधुमेह 5 उच्च रक्तचाप 10 खाज 5 शरीर में दर्द 32 खुजली 9 कमजोरी 18 डिहाइड्रेशन 6 टाइप 1 मधुमेह 1 जोड़ो में दर्द के 12 एवं अन्य मरीजों ने लाभ लिया।

## मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

# प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर प्रशासन सख्त, दुकान संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिले में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को मुंगेली और लोरमी क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

एसडीएम अजय शतरंज सहित टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर नारकोटिक एवं अन्य प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, स्टॉक रजिस्टर, क्रय–विक्रय अभिलेख और प्रिसक्रिरप्शन रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान तुषार मेडिकल स्टोर्स नेहरू चौक, श्रीराम फार्मेसी सिंधी कालोनी और सुमन मेडिकल स्टोर्स चातरखार में औषधियों के क्रय-विक्रय तथा औषधि नियमावली के तहत अभिलेख प्राप्त नहीं हुए। इस पर एसडीएम शतरंज ने संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी सहित टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर नारकोटिक एवं अन्य प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, स्टॉक रजिस्टर, क्रय–विक्रय अभिलेख और प्रिक्रिरप्शन रिकॉर्ड की जांच की गई। इस दौरान जायसवाल मेडिकल स्टोर्स अखरार तथा कृष्णा मेडिकल स्टोर्स दरवाजा में औषधियों के क्रय-विक्रय तथा औषधि नियमावली के तहत अभिलेख प्राप्त नहीं हुए। इस पर लोरमी एसडीएम पुजारी ने संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 के तहत लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही टीम ने आदित्य मेडिकल स्टोर्स से 3 औषधियों के नमूना संकलन भी लिया। औषधि निरीक्षक किरण सिंह एवं सुमन लता कंवर ने बताया कि, नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली दवाओं की बिना प्रिक्रिरप्शन बिक्री प्रतिबंधित है। जिले में अवैध दवा बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी चरणबद्ध तरीके से संयुक्त अभियान जारी रहेगा। इस दौरान संबंधित अधिकारी और कोतवाली व लोरमी थाना पुलिस की टीम मौजूद रही।



## कृषि केन्द्रों का निरीक्षण कर खाद बीज की उपलब्धता देखी

**मुंगेली।** जिले के किसानों को उच्च गुणवत्तापूर्ण खाद–बीज उपलब्ध कराने मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित टीम ने विभिन्न कृषि केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कैलाश ट्रेडर्स मुंगेली, जय भवानी ट्रेडर्स धरमपुरा एवं शिव कृषि केंद्र धरमपुरा में अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि कृषकों को निर्धारित दर पर ही रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराएं तथा उर्वरक के साथ अन्य सामग्री अनिवार्य रूप से न दें। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि, वर्तमान में जिले में कुल 25 हजार 132 टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें से 14 हजार 773 टन निजी एवं सहकारी क्षेत्रें में भंडारित किया जा चुका है। निजी क्षेत्र के माध्यम से उर्वरकों का वितरण भी जारी है। किसानों से अपील की गई है कि, वे किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद एवं बीज खरीदें।



## कलेक्टर ने किया प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण

**मुंगेली।** जिले के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित बिलासपुर रोड से चारभाटा रोड के प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

- स्टीमेट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सड़क निर्माण के लिए भूमि का सीमांकन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि, निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए पहले सभी तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना से जुड़े अधिकारियों को स्टीमेट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि योजना के तहत कार्य को स्वीकृति मिलते ही तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि, यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में लोगों को आवागमन में जो कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वह इस सड़क के बन जाने के बाद काफी हद तक समाप्त हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, सड़क निर्माण में सभी मानकों का पालन किया जाए और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही स्थानीय नागरिकों से भी संवाद बनाए रखने की बात कही, जिससे निर्माण कार्य के दौरान उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

## विधायक धर्मजीत ने किया मोढ़े बरेला मार्ग का भूमिपूजन



**तखतपुर।** जो खुद ठेका लेकर पुल नहीं बनवा सके, वे लोगों को गुलाब का फूल देकर पुल से गुजरने पर साहसिक यात्रा की बधाई देते थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में उस पुल की ऐसी मरम्मत कराई थी कि, मरम्मत होती गई और पुल उखड़ती गई। उक्त बातें मोढ़े से बरेला तक बनने वाली 5.50 किमी लंबी सड़क के भूमिपूजन के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। भूमिपूजन का कार्यक्रम तखतपुर मुख्य मार्ग में मंडी चौक पर आयोजित किया गया था, जहां विधायक धर्मजीत सिंह ने महिला प्रतिनिधियों और अन्य समाज प्रमुखों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि, सड़क की दुर्दशा मेरे कार्यकाल के पहले 2018 से थी, लेकिन तत्कालिन प्रतिनिधि ने इसे सुधारने की कोई सुध नहीं ली। जब अंतिम आया तो पुल की मरम्मत के लिए 40 से 45 लाख रूपए खर्च किया गया और पुल की हालत जस की तस बनी रही। जानकारी मिलने पर मैंने सड़क की दशा सुधारने की ठानी और सड़क निर्माण स्वीकृत कराया। अब इसका भूमिपूजन हो रहा है, कुछ ही दिनों में लोगों को बढ़िया चकाचक सड़क मिलेगी। भूमिपूजन के अवसर पर नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, अंबिका साहू, राकेश तिवारी, अजय देवांगन, अशोक ठाकुर, जितेंद्र पाण्डेय, संतोष कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, गोरे सिंह, लवली हूरा, वंदना सिंह, सुनील जांगड़े, गुलजीत खुराना, संतोष कश्यप, नैन लाल साहू, अमित मंदानी, विक्की सिंह, वरूण सिंह, दिनेश राजपूत, विवेक पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, ईश्वर देवांगन, अश्वनी शर्मा, प्रमोद ठाकुर, राजेश सोनी, दिनेश साहू, माधो देवांगन, निहाल साहू, दुर्गा ठाकुर, जुनैद जिंदरान, दिलीप तोलानी, रोहन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 1 मई से 10 जून तक होगा सुशासन तिहार का आयोजन

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में सुशासन को सशक्त बनाने और आमजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 मई से 10 जून 2026 तक 'सुशासन तिहार' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि, सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रत्येक 15–20 ग्राम पंचायतों के समूह में शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही नगरीय क्षेत्रें में वार्डों के क्लस्टर के आधार पर भी शिविर लगाए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि, सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री जिले में विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण करेंगे और योजनाओं से लोगों को मिल रहे लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि, 30 अप्रैल 2026 तक सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि, शिविरों के आयोजन से पूर्व व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। बैठक में शिविरों के लिए उपयुक्त स्थलों के चयन, शिविरों के शेड्यूल तैयार करने तथा विभागवार जिम्मेदारियों के निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे राशन कार्ड, पेंशन, महतारी वंदन योजना आदि के लंबित मामलों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आगे आईं महिलाएं



**पेंड्रा।** भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के समर्थन में 16 अप्रैल को प्रदेश नेतृत्व के तत्वाधान में मरवाही विधानसभा में स्कूटी-बाइक रैली का आयोजन किया गया। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची के नेतृत्व में सद्भावना भवन मरवाही से प्रारंभ होकर चलचली मोड़ तक सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक स्कूटी रैली निकालकर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। यह रैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं को दिए गए 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में आयोजित की गई, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। नारी शक्ति का यह उत्साह और सहभागिता बदलते भारत की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम की प्रभारी विभा सिंह नहरेल एवं सह प्रभारी स्नेहलता शर्मा रही।

- विधायक मरपच्ची के नेतृत्व में निकाली गई स्कूटी–बाइक रैली

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री किशन सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह दीक्षित, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा शंकर चक्रधारी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह नहरेल, जिला पदाधिकारी किशमिश भानु, सूर्यकांत सिंह,जिला पंचायत सदस्य राजेश नंदिनी, दयाचंद पोर्ते, मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव, महामंत्री गिरीश राय, मंडल उपाध्यक्ष अश्विन चतुर्वेदी, हेमचंद मरावी, नारायण केवट, भगवनिया बाई, पार्षद अमर गुप्ता, मुकेश दीक्षित, संदीप मिश्रा, परासनाथ चौधरी, प्रियदर्शनी सिंह नहरेल, शशि केवट, आदित्य सोनी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नेटबॉल व रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित



**मुंगेली।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला एवं रोलबॉल एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, मानसी होंडा के डायरेक्टर कवल सलूजा, जिला खेल अधिकारी संजय पाल एवं श्री पाठक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राज्य से ऑब्जर्वर के रूप में छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के सचिव राजेश राठौर की उपस्थिति में दोनों संगठनों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी में संरक्षक दीनानाथ केशरवानी, रोहित शुक्ला, कमल सलूजा, अध्यक्ष सचिन मसीह, सचिव स्वप्निल चुनेकर, उपाध्यक्ष रामनाथ जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजय राही, सहसचिव संतराम यादव, सदस्य थवि सिंह, राजनंदिनी निराला, वेद प्रकाश कुर्रे, मेघा रानी आदि शामिल हैं। वहीं रोलबॉल एसोसिएशन कार्यकारिणी के अध्यक्ष सचिन मसीह, उपाध्यक्ष अजय राही, रामनाथ जायसवाल, रामेश्वरी तिवारी, सचिव शशांक डेविड, कोषाध्यक्ष संकल्प जायसवाल, सदस्य संतराम यादव हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि दीनानाथ केसरवानी ने कहा कि, सभी संघों की बैठक कर जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने आश्वासन दिया कि, खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को यथासंभव पूरा किया जाएगा तथा उन्हें बेहतर खेल मैदान उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी संजय पाल ने राज्य शासन द्वारा खिलाड़ियों को मिलने वाली विभिन्न खेल सुविधाओं की जानकारी दी, जिससे भविष्य में खिलाड़ियों को अधिक लाभ मिल सके एवं जिले में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सके।

## अग्निवीर भर्ती की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण

**मुंगेली।** जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने हेतु निशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई थी। अब पंजीकृत आवेदकों के लिए 4 मई से 4 जून तक निशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा की प्रभावी तैयारी कर सकें। इच्छुक एवं पंजीकृत आवेदक 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर कोचिंग हेतु अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## शराब तस्करी पर पुलिस का प्रहार 24 बोतल बियर सहित 2 गिरफ्तार

**मुंगेली।** अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री करने वाले सिटी पैलेस बार संचालक एवं साथी से 24 बोतल बीयर जप्त कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के निर्देश पर असामाजिक तत्वो एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालो कें विरूद्व 'ऑपरेशन बाज' चलाकर कार्रवाई की जा रही है।



इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने नशे के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अधिक मात्रा में ब्रिकी हेतु शराब का परिवहन करने के 1 प्रकरण में 2 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हई कि, एक व्यक्ति अपने साथी के साथ रायपुर रोड बायपास के पास मुंगेली तरफ अपनी क्रेटा कार में अत्यधिक मात्र में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन कर रहा है। सूचना पर तत्काल सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली पुलिस ने रायपुर रोड बायपास मुंगेली के पास घेराबंदी कर क्रेटा कार सीजी 28 आर 9600 को रोककर आरोपी समर्थ जायसवाल पिता संजय उम्र 44 वर्ष निवासी नेहरू नगर बिलासपुर हाल मुकाम पुलपारा व सूरज ठाकुर पिता स्व राजेश उम्र 34 वर्ष निवासी विनोबानगर के पास से 24 बोतल सिम्बा बियर कीमती 4 हजार 800 रूपए जब्त किया। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया। मामले में धारा 34(2), 59 क आबकारी के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया।

## डिप्टी सीएम साव ने जनचौपाल में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**लालपुर।** डिप्टी सीएम साव ने ग्राम हरनाचाका में 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अरुण साव ने कहा कि, सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी जरूरतमंद सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे।

- सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाना : साव




श्री साव ने बताया कि क्षेत्र में सड़क, पानी, आवास सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना तथा किसानों के लिए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी जैसी योजनाएं ग्रामीणों को सीधे लाभान्वित कर रही हैं। हरनाचाका में सरपंच नारायण सिंह राजपूत के नेतृत्व में डिप्टी सीएम अरुण साव का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को विशेष रूप देते हुए आम जनता के लिए डिप्टी सीएम से सीधे संवाद की व्यवस्था की गई, जिससे ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी। इस सुसंगठित आयोजन और उत्साही जनभागीदारी से प्रभावित होकर अरुण साव ने सरपंच नारायण सिंह राजपूत की सराहना करते हुए इसे जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक मंडल, बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर टीमें बनाकर घर-घर संपर्क किया जा रहा है, जिससे आम जनता को योजनाओं की जानकारी मिल रही है। इस अवसर पर जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



फांसी के फंदे पर युवक की लटकती हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 12 बजे वार्ड क्र 5 निवासी शिवकुमार खत्री पिता सोनराज खत्री उम्र 40 वर्ष के परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, सोनराज खत्री की लाश उनके बेडरूम में फांसी के फंदे से लटकी हुई है। पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर मृतक के शव को पंचनामा के बाद पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। युवक ने फांसी क्यों और किन परिस्थितियों में लगाई फिलहाल यह जांच का विषय है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।